पदवृद्धि की मांग पर शिक्षक अभ्यर्थियों का आंदोलन 31वें दिन भी जारी

# राहुल गांधी के आने का अनशनकारियों ने किया दावा

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में वर्ग-2 और वर्ग-3 शिक्षक भर्ती-2025 में पदवृद्धि और दूसरी काउंसलिंग की मांग को लेकर अभ्यर्थियों का आंदोलन रविवार को 31वें दिन भी जारी रहा। लोक शिक्षण संचालनालय के सामने चल रहे आंदोलन के बीच अभ्यर्थियों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जल्द आंदोलन स्थल पर पहुंचने का दावा किया है। हालांकि, राहुल गांधी की ओर से इसकी स्वतंत्र पुष्टि सामने नहीं आई है।

आंदोलन में निर्जल अनशन कर रहे ब्यावरा निवासी नरेंद्र राजपूत ने दावा किया कि राहुल गांधी से संपर्क हुआ है और उन्हें आंदोलन स्थल पर आने का संदेश मिला है। अभ्यर्थियों के अनुसार राहुल गांधी ने उनसे मुलाकात की बात कही है। आंदोलनकारियों का कहना है कि उनकी मुख्य मांग भर्ती में अतिरिक्त पद जोड़कर दूसरी काउंसलिंग कराने की है। उनका तर्क है कि परीक्षा में सफल और बेहतर रैंक वाले कई अभ्यर्थी सीमित पदों के कारण चयन से बाहर रह गए हैं।

**10 हजार और 25 हजार पद बढ़ाने की मांग :** अभ्यर्थी वर्ग-2 में कम से कम 10 हजार और वर्ग-3 में 25 हजार अतिरिक्त पद बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि पद बढ़ने से दूसरी काउंसलिंग के जरिए उन अभ्यर्थियों को भी अवसर मिल सकता है, जो निर्धारित कटऑफ और उपलब्ध पदों की सीमा के कारण नियुक्ति से वंचित रह गए हैं। 19 सितंबर की रिपोर्ट में भी आंदोलन के 30वें दिन यही मांग प्रमुख रूप से सामने आई थी।

**10 दिन से निर्जल अनशन का दावा :** नरेंद्र राजपूत के निर्जल अनशन को लेकर भी आंदोलनकारियों ने चिंता जताई है। उनका दावा है कि लगातार अनशन के कारण उनकी तबीयत बिगड़ रही है। राजपूत का कहना है कि सरकार को पुराने आदेश और भर्ती प्रक्रिया का आधार स्पष्ट करना चाहिए। उनका सवाल है कि यदि भर्ती परिणाम जारी होने के बाद पदवृद्धि और दूसरी काउंसलिंग संभव नहीं है तो पिछली भर्ती प्रक्रिया में अतिरिक्त पद बढ़ाकर काउंसलिंग क्यों कराई गई थी।



**2022 की भर्ती प्रक्रिया का दिया उदाहरण :** आंदोलन में शामिल अभ्यर्थी वर्ष 2022 की प्राथमिक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया का उदाहरण दे रहे हैं। उनका कहना है कि उस समय अतिरिक्त पदों के आधार पर काउंसलिंग का अवसर दिया गया था। लोक शिक्षण संचालनालय के उपलब्ध दस्तावेजों में 26 नवंबर 2022 को प्राथमिक शिक्षक भर्ती से संबंधित जिलावार रिक्तियों की जानकारी जारी होने की पुष्टि होती है।

भिंड के एक वर्ग-3 अभ्यर्थी का दावा है कि उनके परिचित का पहली काउंसलिंग में चयन नहीं हुआ था, लेकिन बाद की काउंसलिंग में चयन होने के बाद उन्हें विदिशा में नियुक्ति मिली। अभ्यर्थियों का कहना है कि इसी तरह की प्रक्रिया इस बार भी अपनाई जा सकती है।

### आयुक्त से मुलाकात के बाद भी जारी रहा आंदोलन

अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल ने लोक शिक्षण संचालनालय के आयुक्त से मुलाकात कर अपनी मांग रखी थी। आंदोलनकारियों के मुताबिक उन्हें मांग पर विचार करने का आश्वासन मिला, लेकिन इसके बाद कोई ठोस निर्णय सामने नहीं आया। इसके बाद उन्होंने लोक शिक्षण संचालनालय के सामने प्रदर्शन शुरू कर दिया। इससे पहले भी अभ्यर्थी नीलम पार्क में धरना दे चुके हैं और मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने की बात कह रहे हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि वे सरकार से पदवृद्धि, दूसरी काउंसलिंग और इस संबंध में स्पष्ट निर्णय चाहते हैं। वहीं, वर्तमान भर्ती प्रक्रिया में पद बढ़ाने की मांग पर विभागीय स्तर से अंतिम निर्णय की स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है।

# चलती बाइक पर युवक की गोली मारकर हत्या

### निशातपुरा पुलिस चौकी के सामने हुई वारदात

भोपाल, देशबन्धु। निशातपुरा क्षेत्र में रविवार सुबह चलती बाइक पर 21 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात निशातपुरा पुलिस चौकी के सामने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में हुई। बाइक पर पीछे बैठे युवक ने बीच में बैठे अपने दोस्त के सिर में गोली मार दी। गोली लगते ही बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी इखलास उर्फ ताशी के रूप में हुई है। वह पेंटिंग का काम करता था। घटनास्थल से 32 बोर का एक खाली खोखा मिला है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी अलीम उर्फ अल्लू की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक ताशी रविवार सुबह अलीम और एक अन्य दोस्त के साथ बाइक से मछली पकड़ने जा रहा था।

तीसरा युवक बाइक चला रहा था, जबकि ताशी बीच में और अलीम पीछे बैठा था। इसी दौरान अलीम ने पिस्टल निकालकर ताशी पर गोली चला दी। इसके बाद उसने बाइक चला रहे युवक को भी धमकाया और उसे अपने साथ सिंधी कॉलोनी तक ले गया। वहां पहुंचकर आरोपी फरार हो गया। बाद में युवक वापस घटनास्थल पर पहुंचा और पुलिस को सूचना दी।

पुलिस जांच में सामने आया है कि करीब 15 दिन पहले एक महिला से बातचीत को लेकर दोनों दोस्तों में विवाद हुआ था। मारपीट में ताशी का हाथ भी फ्रैक्चर हुआ था। बाद में दोनों के बीच समझौता हो गया था। पुलिस को आशंका है कि इसी पुरानी रंजिश के चलते हत्या की गई।

# ग्राहक का इंतजार कर रहा युवक एमडी के साथ गिरफ्तार



**भोपाल, देशबन्धु।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत टीटी नगर थाना पुलिस ने नशीले पदार्थ एमडी के साथ 24 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 4.70 ग्राम एमडी, जिसकी कीमत करीब 30 हजार रुपए बताई गई है, और 200 रुपए नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी राजस्थान से एमडी लाकर भोपाल में बेचता था। पुलिस को 18 सितंबर को सूचना मिली थी कि टीटी नगर स्टेडियम के पास राम मंदिर के नजदीक एक युवक एमडी बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम नीरज विश्नोई (24), निवासी देवधर कॉलोनी, कटारा हिल्स, भोपाल बताया। वह मूल रूप से जालौर, राजस्थान का रहने वाला है। तलाशी में उसके पास पारदर्शी पॉलीथिन में 4 ग्राम 70 मिलीग्राम एमडी मिली। पुलिस ने नशीला पदार्थ और नकदी जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 8/22 एनडीपीएस अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अब उसके कथित आपूर्तिकर्ता की तलाश कर रही है।

आश्वासनों के बीच नौकरी की अनिश्चितता, गीतों में छलका अतिथि विद्वानों का दर्द

# हम अतिथि विद्वान हैं, बस कुछ दिन के मेहमान हैं

### 5वें दिन नीलम पार्क में गूंजा गीत, आयुक्त सिपाहा ने की मुलाकात

**भोपाल, देशबन्धु।** नियमितीकरण और नौकरी में स्थायित्व की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे अतिथि विद्वानों का धरना रविवार को 5वें दिन भी नीलम पार्क में जारी रहा। इस बार विरोध का अंदाज भी अलग नजर आया। अतिथि विद्वानों ने गिटार की धुन पर गीत गाकर अपनी पीड़ा और नौकरी की अनिश्चितता बयां की। ''हम अतिथि विद्वान हैं, बस कुछ दिन के मेहमान हैं... लाखों डॉक्टर, अभियंता हमने बनाए, आज हम ही बदहाल हैं'' जैसे बोलों के जरिए उन्होंने सरकार से किए गए आश्वासनों की याद दिलाई।

धरना स्थल पर रविवार दोपहर उच्च शिक्षा आयुक्त प्रबल सिपाहा भी पहुंचे और आंदोलनरत अतिथि विद्वानों से चर्चा की। विद्वान फॉलन आउट प्रक्रिया तत्काल रोकने और नियमितीकरण व स्थायित्व के लिए समयबद्ध नीति बनाने की मांग पर कायम हैं। इसकी पुष्टि समकालीन रिपोर्टों में भी हुई है।

### क्यों नाराज हैं अतिथि विद्वान

अतिथि विद्वानों की प्रमुख मांग है कि नियमितीकरण और नौकरी में स्थायित्व के लिए नीति बनाने की निश्चित समय-सीमा तय की जाए। साथ ही नीति लागू होने तक फॉलन आउट प्रक्रिया रोकी जाए। इस प्रक्रिया में सरकारी महाविद्यालय में नियमित प्राध्यापक की नियुक्ति या स्थानांतरण होने पर वहां कार्यरत अतिथि विद्वान की सेवा समाप्त हो जाती है। लंबे समय से सेवा दे रहे अतिथि विद्वान इसी व्यवस्था को लेकर अपनी नौकरी की सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।

अतिथि विद्वानों का कहना है कि सरकार से लगातार आश्वासन मिलने के बावजूद उनकी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ है। अब उन्होंने धरना जारी रखते हुए स्पष्ट नीति और सेवा सुरक्षा पर निर्णय की मांग तेज कर दी है।

### मंत्री के बंगले से नीलम पार्क पहुंचे

आंदोलनकारी पहले उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के भोपाल स्थित आवास के बाहर धरने पर बैठे थे। प्रतिनिधिमंडल की मंत्री से चर्चा हुई, लेकिन फॉलन आउट प्रक्रिया रोकने पर सहमति नहीं बनने के बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को वहां से हटाकर नीलम पार्क भेज दिया। इसके बाद से उनका धरना जारी है।

### पुराने आश्वासनों का हवाला

अतिथि विद्वान 11 सितंबर 2023 की महापंचायत में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आश्वासन का हवाला दे रहे हैं। इसके अलावा वे 10 जुलाई 2026 को रवींद्र भवन में हुए सम्मेलन और 28 अगस्त को उज्जैन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से हुई मुलाकात का भी उल्लेख कर रहे हैं। उनका कहना है कि नियमितीकरण और स्थायित्व की नीति बनने तक फॉलन आउट रोकने का भरोसा दिया गया था।

# ओवैसी की सभा के बाद टी. राजा सिंह की सभा की तैयारी

### टेंट-साउंड बुक, पुलिस-प्रशासन के फैसले का इंतजार

भोपाल, देशबन्धु। राजधानी भोपाल में 15 सितंबर को असदुद्दीन ओवैसी की सभा के बाद अब तेलंगाना के विधायक टी. राजा सिंह की प्रस्तावित सभा को लेकर हलचल बढ़ गई है। हिंदू उत्सव समिति और संस्कृति बचाओ मंच ने 5 अक्टूबर को टी. राजा सिंह की सभा के लिए पुलिस आयुक्त से अनुमति मांगी है। समिति ने सभा के लिए सेंट्रल लाइब्रेरी मैदान, इमामी गेट-अग्रसेन चौराहा और इकबाल मैदान-मोती मस्जिद में से किसी एक स्थान का विकल्प प्रशासन के सामने रखा है। समिति अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी के अनुसार अनुमति के लिए आवेदन दिए करीब 5 दिन हो चुके हैं, लेकिन अभी तक कार्यक्रम स्थल को लेकर प्रशासन की ओर से जानकारी नहीं मिली है। समिति ने जल्द किसी एक स्थान की अनुमति देने का अनुरोध किया है। हालांकि सभा की अनुमति या स्थल तय होने की प्रशासनिक पुष्टि अभी सामने नहीं आई है। समिति का कहना है कि कार्यक्रम को लेकर उसकी ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। टेंट और ध्वनि व्यवस्था बुक की जा चुकी है तथा पोस्टर और प्रचार सामग्री के डिजाइन भी तैयार हैं। स्थल तय होने के बाद बाकी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने की बात कही गई है। समिति ने टी. राजा सिंह के 5 अक्टूबर को भोपाल आने की बात कही है और समर्थकों से कार्यक्रम की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील की है। समिति का कहना है कि जिस स्थान पर ओवैसी की सभा की अनुमति दी गई, उसी तरह टी. राजा सिंह की सभा के लिए भी अनुमति दी जानी चाहिए।

# राजसम्राट कॉलोनी में गणेश उत्सव की धूम, महाआरती में उमड़े श्रद्धालु



**भोपाल, देशबन्धु।** अयोध्या बायपास स्थित राजसम्राट कॉलोनी फेस-1 में गणेश उत्सव को लेकर धार्मिक उत्साह का माहौल है। राजसम्राट उत्सव समिति द्वारा आयोजित उत्सव के तहत रविवार को भव्य महाआरती हुई। इसमें कॉलोनी के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भगवान गणेश की आराधना की और सुख-समृद्धि की कामना की। उत्सव स्थल पर प्रतिदिन धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें बच्चों के साथ महिलाएं और पुरुष भी उत्साह से भाग ले रहे हैं। कार्यक्रमों के दौरान कॉलोनी में सामूहिक सहभागिता और उत्सव का माहौल बना हुआ है। राजसम्राट उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्ष गणेश उत्सव के साथ दुर्गा उत्सव, होली सहित विभिन्न धार्मिक और सामाजिक आयोजन किए जाते हैं। समिति के पदाधिकारियों के अनुसार इन आयोजनों का उद्देश्य कॉलोनीवासियों को एक साथ जोड़ना और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देना है।

महाआरती में समिति संरक्षक उमेश सिंह राजपूत, अध्यक्ष माचल सिंह लोधी, उपाध्यक्ष राजेंद्र नायर, सचिव विनोद कुमार तिवारी, सहसचिव केशव राव शाद, कोषाध्यक्ष दिनेश के.एन., सह-कोषाध्यक्ष बाला प्रसाद लोधी, प्रचार-प्रसार प्रभारी मधुकर पवार और राजकुमार बरुआ सहित कार्यकारिणी सदस्य एवं कॉलोनीवासी मौजूद रहे।

# आरटीई प्रतिपूर्ति में देरी से निजी स्कूलों की मुश्किलें बढ़ीं

भोपाल, देशबन्धु। शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत निजी अशासकीय विद्यालयों को मिलने वाली फीस प्रतिपूर्ति राशि 2 वर्षों से लंबित होने का दावा किया गया है। सीहोर के पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय पटेल ने राज्य शिक्षा केंद्र, भोपाल को पत्र भेजकर वर्ष 2024-25 और 2025-26 की लंबित राशि की विद्यालयवार समीक्षा कर पात्र विद्यालयों को तत्काल भुगतान कराने की मांग की है। पटेल का दावा है कि प्रदेश के अनेक निजी विद्यालयों को दोनों वर्षों की प्रतिपूर्ति राशि अब तक नहीं मिली है। उनका कहना है कि विद्यालयों को शिक्षकों और कर्मचारियों के वेतन, भवन, बिजली तथा शिक्षण सामग्री सहित नियमित खर्च स्वयं वहन करना पड़ रहा है। ऐसे में प्रतिपूर्ति राशि में देरी से आर्थिक दबाव बढ़ रहा है।

### दोनों सत्रों की राशि की विद्यालयवार समीक्षा कर तत्काल भुगतान की मांग

उन्होंने पत्र में विभागीय बजट प्रावधान का हवाला देते हुए वर्ष 2024-25 में करीब 500 करोड़ और 2025-26 में करीब 520 करोड़ रुपए के प्रावधान का उल्लेख किया है। उनका सवाल है कि बजट प्रावधान के बावजूद पात्र विद्यालयों को देय राशि का भुगतान क्यों नहीं हुआ।

संविधान के अनुच्छेद 21-क और शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12(1)(ग) के तहत निर्धारित निजी विद्यालयों में कमजोर वर्ग और वंचित समूह के बच्चों के लिए प्रवेश स्तर पर कम से कम 25 प्रतिशत सीटों पर निःशुल्क शिक्षा का प्रावधान है। धारा 12(2) में इसके लिए निर्धारित शर्तों के अनुसार प्रतिपूर्ति का प्रावधान है। पटेल ने मांग की है कि लंबित भुगतान के कारणों की विद्यालयवार समीक्षा कर सत्यापन, दस्तावेज या तकनीकी समस्या होने पर उसका निराकरण कराया जाए। पात्र विद्यालयों की राशि तत्काल जारी की जाए।

# लंबित मांगों को लेकर नए साल में आंदोलन की तैयारी

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर नए साल में प्रदेशव्यापी आंदोलन का ऐलान किया है। संघ की प्रदेश महासमिति की बैठक में 2 जनवरी 2027 को भोपाल में प्रदेशभर के कर्मचारियों का बड़ा धरना आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कर्मचारी भवन में हुई बैठक में विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों ने आंदोलन की तैयारियों और मांगों पर चर्चा की।



संघ की प्रमुख मांगों में अनुकंपा नियुक्ति और पदोन्नति में सीपीसीटी की अनिवार्यता समाप्त करना शामिल है। इसके साथ ही 70, 80 और 90 प्रतिशत वेतन देने की व्यवस्था समाप्त कर वर्ष 2019 से 100 प्रतिशत वेतन देने की मांग की गई है। संघ जनवरी 2026 से 2 प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई भत्ता और महंगाई राहत देने की भी मांग कर रहा है।

# लिफ्ट में फंसे व्यक्ति को निकाला, होटल की 3 लिफ्ट सील

**भोपाल, देशबन्धु।** अरेरा हिल्स स्थित होटल कोर्टयार्ड बाय मैरियट की लिफ्ट में रविवार को एक व्यक्ति फंस गया। सूचना मिलते ही नगर निगम के अग्निशमन, विद्युत और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद निगम अमले ने होटल की लिफ्टों के रखरखाव, अग्नि सुरक्षा और खाद्य सुरक्षा लाइसेंस से संबंधित दस्तावेजों की जांच की। जांच में लिफ्टों में स्वचालित बचाव उपकरण (एआरडी) नहीं पाए गए। निर्धारित समय पर मासिक रखरखाव भी नहीं कराया गया था। अग्नि सुरक्षा उपकरणों और निकास द्वारों की व्यवस्था भी निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं मिली। इसके बाद निगम ने होटल की 3 लिफ्टों को अस्थायी रूप से सील कर दिया। निगम के अनुसार होटल को पूर्व में भी सुरक्षा मानकों के अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नोटिस दिए गए थे।

# गहोई समाज ने श्रद्धा से मनाई राधाष्टमी



**भोपाल, देशबन्धु।** श्रीगहोई वैश्य समाज ने शनिवार को फतेहगढ़ स्थित श्री राधा-कृष्ण कंठाली मंदिर में राधाजी का प्राकट्योत्सव राधाष्टमी श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे राधे-राधे संकीर्तन और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान श्री राधाकृष्ण की प्रतिमाओं के अभिषेक से हुई। इसके बाद आकर्षक श्रृंगार किया गया। दोपहर 12 बजे राधारानी की महाआरती हुई। महिला मंडल की सदस्यों ने बधाई गीत प्रस्तुत किए। समाज के बच्चों ने राधाजी के स्वरूप में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले बच्चों को समाज पंचायत की ओर से पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष तनुज कुदरिया, पूर्व अध्यक्ष भगवानदास बिलैया, दिनेश नोगरैया, कुबेरचंद्र रेजा, प्रकाश कुचिया, रमेशचंद्र लोहिया, जीवनदास सिजारिया सहित पंचायत के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। मध्य मालवा महिला मंडल की अध्यक्ष सुनीता सिरोल्या, मंत्री अर्चना पिपरसानिया सहित महिला मंडल की सदस्य भी उपस्थित रहीं।

विसर्जन घाटों पर व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की तैनाती

# 22 से 26 तक चलेगा विसर्जन का दौर

**भोपाल, देशबन्धु।** गणेश उत्सव के बाद भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं के ससम्मान एकत्रीकरण और विसर्जन को लेकर नगर पालिक निगम ने व्यापक व्यवस्थाएं शुरू कर दी हैं। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम प्रशासन ने 22 से 26 सितंबर तक विसर्जन समाप्त होने तक सभी प्रमुख विसर्जन घाटों और कुंडों पर व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं।

प्रेमपुरा, रानी कमलापति, हथाईखेड़ा, संत हिरदाराम नगर बैरागढ़, मालीखेड़ी, शाहपुरा और खटलापुरा विसर्जन घाटों के लिए अपर आयुक्तों और उपायुक्त को नोडल अधिकारी बनाया गया है। प्रत्येक घाट पर 2 वरिष्ठ अधिकारियों को प्रभारी तथा 3 अधिकारियों को सहायक प्रभारी के रूप में तैनात किया गया है। ये अधिकारी अपने क्षेत्र में अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर प्रतिमाओं के विसर्जन से जुड़ी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करेंगे।

प्रेमपुरा घाट की जिम्मेदारी अपर आयुक्त अक्षय कुमार तेम्रवाल, रानी कमलापति घाट की अपर आयुक्त तन्मय वशिष्ठ शर्मा, हथाईखेड़ा की अपर आयुक्त वरुण अवस्थी, संत हिरदाराम नगर बैरागढ़ की अपर आयुक्त अमन मिश्रा, मालीखेड़ी की अपर आयुक्त अभिषेक सिंह, शाहपुरा की अपर आयुक्त वरुण बड़ेरिया तथा खटलापुरा की उपायुक्त भुवन गुप्ता को सौंपी गई है।

**विधानसभावार निगरानी और पुलिस नियंत्रण कक्ष से समन्वय :** सभी विसर्जन घाटों की विधानसभावार निगरानी का दायित्व संबंधित कार्यपालन यंत्रियों को दिया गया है। विसर्जन अवधि में निगम के अधिकारी पुलिस नियंत्रण कक्ष में अलग-अलग पालियों में तैनात रहेंगे। यहां मिलने वाली सूचनाओं में नगर निगम से संबंधित शिकायत या आवश्यकता सामने आने पर अधिकारी संबंधित घाट के नोडल और प्रभारी अधिकारियों से समन्वय कर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

22 सितंबर को डोल ग्यारस के अवसर पर भी जोन स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित जोनल अधिकारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी तथा विद्युत, यांत्रिक और जलकार्य विभाग के सहायक यंत्री अपने-अपने विभाग से संबंधित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे और संबंधित अपर आयुक्त को इसकी जानकारी देंगे।

**घाटों तक पहुंचने वाले मार्गों पर भी रहेगी नजर :** निगम प्रशासन ने विसर्जन घाटों तक पहुंचने वाले मार्गों और आसपास के क्षेत्रों में अस्थायी बाधाओं को हटाने के निर्देश दिए हैं। चाय, नारियल पानी, फल के ठेले और अस्थायी दुकानों को आवश्यकतानुसार हटाया जाएगा। घाटों पर वाहन, क्रेन और अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था भी की जाएगी।

सुरक्षा के लिहाज से अग्निशमन वाहन, प्रशिक्षित दल, जीवन रक्षक उपकरण, तैराक और गोताखोरों की तैनाती की जाएगी। घाटों पर पेयजल, साफ-सफाई, चलित शौचालय और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मार्गों पर पेड़ों की छंटाई, स्ट्रीट लाइटों को चालू रखने तथा बिजली के तारों के रखरखाव और व्यवस्थित करने का काम भी संबंधित विभाग करेंगे।

### सीसीटीवी और बैरिकेडिंग से निगरानी

विसर्जन स्थलों पर बैरिकेडिंग, निगरानी कैमरे और उनकी निगरानी के लिए आवश्यक व्यवस्था की जाएगी। घाटों पर बाहरी व्यक्तियों के अनधिकृत प्रवेश को रोकने, झीलों की साफ-सफाई बनाए रखने और भीड़ को व्यवस्थित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। मार्गों और विसर्जन स्थलों से अनावश्यक बैनर-पोस्टर हटाने तथा आवारा मवेशियों को हटाने की व्यवस्था भी की जाएगी।

निगम प्रशासन ने सभी विसर्जन घाटों पर नियंत्रण कक्ष के लिए टेंट, ध्वनि प्रसारण यंत्र और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। मार्गों के बीच और किनारों पर स्थित हिस्सों की साफ-सफाई तथा सौंदर्यीकरण का काम भी संबंधित विभागों को सौंपा गया है।

### समस्या की सूचना तत्काल देने के निर्देश

निगम प्रशासन ने विसर्जन के दौरान किसी भी समस्या, बाधा या घटना की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों और अग्निशमन नियंत्रण कक्ष को देने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए 0755-2542222 और 0755-2540220 दूरभाष नंबर जारी किए गए हैं। अधिकारियों को कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट से समन्वय कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## सार-समाचार

### राधा जन्मोत्सव पर आनन्द धाम पर हुई भजन संध्या

**आष्टा, देशबन्धु।** राधा जनमाष्टमी पर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी आनंद धाम पर राधाजी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर राधा रानी का पंचामृत से सर्व औषधी से अभिषेक पूजन किया गया। रात्रि में भजन संध्या में राधा रानी के भजन की प्रस्तुति अनेक कलाकारों द्वारा दी गई । भजन संध्या में भजन गायकों द्वारा राधा रानी के भजन प्रस्तुत किये गये । कार्यक्रम में रामश्री वादी, पंकज राव, शिवश्री वादी, ज्ञान सिंह ठाकुर, जीवन सिंह, रोहित गौतम, रतन सिंह, लंकेश, दिनेश मेवाड़ा, डॉ पूनम चंद विक्की, श्रीमती पाठक, जीवन सोलंकी मालीखेड़ी, अजय सोलंकी, बाबूलाल मेवाड़ा, प्रेम नारायण शर्मा, नानूराम नागदा, पंडित जितेंद्र व्यास, कमल सेन भगत, प्रदीप प्रगति, कैलाश भोजवानी, लखन लाल, शंकर लाल, भगवान दास मेवाड़ा, सुनील, बृजमोहन सोनी, कृष्णा सोनी, अंबुज माथुर, जगदीश प्रसाद, पंडित भवानी शंकर शर्मा, कन्हैयालाल शर्मा, पार्वती पिंकी शर्मा, आदि सभी भक्त गण उपस्तिथ रहे ।

### लव-कुश जन्मोत्सव पर चल समारोह 28 को

**आष्टा, देशबन्धु।** कुशवाहा समाज के आराध्य भगवान लव-कुश के जन्मोत्सव के अवसर पर कुशवाहा समाज के तत्वावधान में आगामी 28 सितंबर को भव्य चल समारोह एवं जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के आमंत्रण को लेकर लव-कुश जयंती समिति के अध्यक्ष बलराम कुशवाहा अपनी कार्यकारिणी के साथ परसराम कॉम्प्लेक्स स्थित कुशवाहा समाज जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद के कार्यालय पर समाजबंधुओं को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। लव-कुश जयंती समिति अध्यक्ष बलराम कुशवाहा ने बताया कि भव्य चल समारोह 28 सितंबर सोमवार को प्रातः 10.30 बजे भोपाल नाका, सीहोर से प्रारंभ होकर लव-कुश चौराहा, माता मंदिर होते हुए सुंदर गार्डन, पहुंचेगा। यहां भगवान लव-कुश जन्मोत्सव के अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर कुशवाहा समाज जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद ने लव-कुश जयंती समिति अध्यक्ष बलराम कुशवाहा का पुष्पमाला एवं साफा पहनाकर स्वागत-सम्मान किया। साथ ही समिति के संयोजक रामचंद्र पटेल पूर्व पार्षद, मनोहर लाल कुशवाह पूर्व अध्यक्ष, सनन कुशवाहा, जितेंद्र कुशवाहा, लक्ष्मी नारायण पटेल, अर्जुन कुशवाहा, मनोहर कुशवाहा आढ़तिया, दीपक कुशवाहा, छोटू कुशवाहा सहित अन्य पदाधिकारियों का भी पुष्पमाला एवं साफा पहनाकर सम्मान किया गया।

### शिक्षकों ने ई-अटेंडेंस बंद करने समेत मांगों को लेकर रखा उपवास

**रायसेन, देशबन्धु।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के बैनर तले रविवार को महामाया चौक पर जिलेभर के शिक्षकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सामूहिक उपवास कर धरना-प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने ई-अटेंडेंस बंद करने, वर्तमान में सेवारत शिक्षकों को टीईटी से मुक्त रखने सहित अन्य मांगों को लेकर नारेबाजी की। संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष सीताराम रैकवार ने बताया कि प्रदेश के सभी 52 जिलों में एक साथ सामूहिक उपवास कार्यक्रम आयोजित किया गया। रायसेन में भी शिक्षकों ने मांगों के समर्थन में धरना दिया। उपवास में सीताराम रैकवार, तेगबहादुर सिंह राजपूत, सुमेर सिंह, नरेंद्र कुमार राजोरिया, सविता ठाकुर, राजकुमार राज, मनोज शाक्या, हमीर सिंह और राजेश जोशी सहित अन्य शिक्षक शामिल हुए। धरने के बाद शिक्षक महामाया चौक से करीब 3 किलोमीटर की रैली निकालते हुए सांची रोड स्थित कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम मनीष शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में सेवारत शिक्षकों को टीईटी से मुक्त रखने, प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना कर पेंशन, ग्रेच्युटी और अवकाश नगदीकरण का लाभ देने, ई-अटेंडेंस बंद करने, सितंबर 2022 की हड़ताल अवधि का वेतन भुगतान करने तथा लंबित क्रमोन्नति और समयमान वेतनमान के आदेश जारी करने की मांग की गई।

अंधेरे की चपेट में सांची, त्योहारों पर भी नहीं जलती स्ट्रीट लाइटें

# ऐतिहासिक स्थल की बिजली व्यवस्था प्रशासन की उपेक्षा की शिकार



**सांची, देशबन्धु।** हजारों वर्ष पुरानी ऐतिहासिक एवं विश्व प्रसिद्ध धरोहर के रूप में पहचान रखने वाला सांची नगर आज भी समुचित बिजली एवं स्ट्रीट लाइट व्यवस्था के अभाव में अंधेरे की चपेट में है। नगर को सुंदर और रोशन बनाने के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाने तथा विकास के बड़े-बड़े दावे किए जाने के बावजूद प्रमुख मार्गों पर अंधेरा पसरा रहना प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर रहा है। स्थिति यह है कि तीज-त्योहारों के अवसर पर भी नगरवासियों को अंधेरे से राहत नहीं मिल पा रही है, जिसका असर यहां आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों पर भी पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार सांची का ऐतिहासिक महत्व हजारों वर्ष पुराना माना जाता है और यहां प्राचीन धरोहरें सुरक्षित हैं। पर्यटन एवं सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण इस स्थल पर शासन-प्रशासन द्वारा समय-समय पर करोड़ों रुपये की विकास योजनाएं संचालित की गई हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग से लेकर नगर को रोशन और सुंदर बनाने तक के दावे किए जाते रहे हैं। इसी क्रम में राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा नगर में स्ट्रीट लाइट के पोल लगाए गए थे, लेकिन कुछ समय तक रोशनी देने के बाद अधिकांश लाइटें बंद हो गईं। अब कई स्थानों पर पोल खड़े हैं, लेकिन सड़कें अंधेरे में हैं।


नगरवासियों का कहना है कि स्ट्रीट लाइट व्यवस्था की बदहाली केवल आवागमन की परेशानी तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यटकों की सुरक्षा और नगर की छवि से भी जुड़ा विषय है। विशेष रूप से शाम और रात के समय प्रमुख मार्गों पर अंधेरा रहने से असुविधा बढ़ जाती है। वहीं, नगर में लगाए गए कई बिजली पोल अब आड़े-तिरछे दिखाई देने लगे हैं, जिससे इनके गिरने की आशंका भी बनी हुई है। नगरवासियों में इस बात को लेकर भी नाराजगी है कि जब कोई विशिष्ट अथवा अति विशिष्ट अतिथि सांची आता है तो स्ट्रीट लाइट व्यवस्था अचानक दुरुस्त दिखाई देने लगती है, लेकिन अतिथि के जाते ही नगर फिर अंधेरे में डूब जाता है। इसी कारण लोगों में इसे लेकर अब 'अतिथि लाइट' जैसी चर्चा होने लगी है। ऐतिहासिक और पर्यटन नगरी की स्थायी बिजली व्यवस्था के बजाय केवल विशेष अवसरों पर रोशनी किए जाने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इस संबंध में नगर परिषद सीएमओ रामलाल कुशवाहा से फोन पर चर्चा करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

**देश की पहली सोलर सिटी का सपना भी धुंधला :** सांची को देश की पहली सोलर सिटी के रूप में विकसित करने का सपना भी दिखाया गया था। इस दिशा में करोड़ों रुपये की योजनाएं और व्यवस्थाएं किए जाने की बात सामने आती रही, लेकिन कुछ समय बाद सोलर ऊर्जा से संचालित होने वाली कई व्यवस्थाएं भी बंद होती चली गईं। नगरवासियों में इस बात को लेकर चर्चा है कि नगर को रोशन करने के नाम पर खर्च की गई राशि का अपेक्षित परिणाम आखिर क्यों दिखाई नहीं दे रहा है। ऐसे में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की उपयोगिता और उनके रखरखाव पर भी सवाल उठने लगे हैं।

**जिम्मेदारों ने कहा—जल्द चालू कराने के प्रयास करेंगे :** नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम ने कहा कि नगर में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग को स्ट्रीट लाइट व्यवस्था के संबंध में कई बार निर्देश दिए गए हैं, लेकिन बिजली व्यवस्था को गंभीरता से नहीं लिया गया, जिसके कारण नगर में अंधेरा रहता है। उन्होंने कहा कि एक बार फिर प्रयास कर स्ट्रीट लाइट चालू कराई जाएगी। अतिरिक्त तहसीलदार सांची सुरेश सिंह ने बताया कि स्ट्रीट लाइट का मुद्दा पिछली शांति समिति की बैठक में भी उठाया गया था। उस समय राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग को निर्देश दिए गए थे, जिसके बाद लाइटें चालू की गई थीं। अब लाइट में कहीं खराबी होने की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग को शीघ्र लाइटें चालू करने के निर्देश दिए जाएंगे तथा नगर परिषद सीएमओ को भी बिजली व्यवस्था सुचारू करवाने के लिए कहा जाएगा। समाजसेवी कमलकिशोर पटेल ने कहा कि स्ट्रीट लाइट का मुद्दा शांति समिति की बैठक में भी उठाया गया था, लेकिन नगर अब पूरी तरह अंधेरे में है। जगह-जगह लगाए गए बिजली पोल भी आड़े-तिरछे हो चुके हैं, जो कभी भी गिरकर दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। जब लाइटें जल ही नहीं रही हैं तो ऐसे पोलों को हटाना ही उचित होगा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अंकित मेहतो ने कहा कि विकास के नाम पर लगातार करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन धरातल पर विकास के दावे खोखले दिखाई दे रहे हैं। त्योहारों के समय जब नगर अंधेरे में डूबा रहता है, तब व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति सामने आ जाती है और लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है।

## सड़क निर्माण के नाम पर दूसरी सड़कों पर बिखर रही गिट्टी, वाहन चालक परेशान





**सांची, देशबन्धु।** नगर में विकास के नाम पर विभिन्न वार्डों में तेजी से सीसी रोड का निर्माण कार्य चल रहा है। लेकिन निर्माण एजेंसी की लापरवाही के चलते दूसरी सड़कों पर गिट्टी बिखर रही है, जिससे वाहन चालक परेशान हो रहे हैं और हादसे का खतरा बढ़ गया है।

जानकारी के अनुसार नगर के कई वार्डों में सीसी रोड निर्माण का कार्य प्रगति पर है। निर्माण स्थलों तक मिक्स मटेरियल पहुंचाने के दौरान मिक्सर वाहन से ही आम रास्तों पर गिट्टी गिर रही है। सड़कों पर बिखरी गिट्टी के कारण वाहन फिसल रहे हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार बाइक सवार गिट्टी पर फिसलकर चोटिल होते-होते बचे हैं। आश्चर्य की बात है कि निर्माण एजेंसी इस ओर पूरी तरह से बेफिक्र बनी हुई है और नगर परिषद प्रशासन भी इस समस्या को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहा है। इस संबंध में जब सीएमओ से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। नगरवासियों ने मांग की है कि निर्माण एजेंसी को सड़कों पर फैली गिट्टी को तुरंत हटाने और परिवहन के दौरान सावधानी बरतने के निर्देश दिए जाएं, ताकि हादसों को रोका जा सके।

### अतिरिक्त पुलिस अध्यक्ष ने किया थाने का निरीक्षण

**आष्टा, देशबन्धु।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे द्वारा आष्टा थाना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीओपी दामोदर गुप्ता उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय एवं विभिन्न शाखाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अतिरिक्त पुलिस अध्यक्ष ने थाने के रिकॉर्ड कक्ष का निरीक्षण कर अभिलेखों के रख-रखाव एवं संधारण की स्थिति का जायजा लिया ।

थाने में संधारित विभिन्न महत्वपूर्ण रजिस्टरों, समय रजिस्टर सहित, का अवलोकन किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थाना परिसर स्थित साइबर सेल की कार्यप्रणाली एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। थाना कार्यालय एवं अन्य शाखाओं में रखे अभिलेखों तथा आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं व्यवस्थित रख-रखाव के संबंध में निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों एवं रजिस्टरों का नियमित रूप से अद्यतन संधारण करने तथा थाना परिसर की समस्त व्यवस्थाओं को व्यवस्थित एवं सुचारू बनाए रखने हेतु संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

नर्सिंग कॉलेज में नशा मुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान का आयोजन

## युवाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर लिया नशामुक्त समाज का संकल्प



**रायसेन, देशबन्धु।** मेरा युवा भारत रायसेन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आज नर्सिंग कॉलेज में प्रातः 11 बजे नशा मुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे एवं मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए स्वस्थ, जिम्मेदार एवं नशामुक्त जीवनशैली के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. यशपाल बाल्यान, सिविल सर्जन, रायसेन एवं वेद प्रकाश शर्मा, संचालक, नशा मुक्ति केंद्र, सांची उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता/विशिष्ट उपस्थिति में नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य आशालता श्रीधरन तथा सिस्टर ट्यूटर अजिता रानी सहित लगभग 200 युवाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान युवाओं द्वारा नुक्कड़ नाटक, पोस्टर मेकिंग, नशा मुक्ति विषय पर संवाद एवं जागरूकता चर्चा आयोजित की गई। इसके साथ ही युवाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर नशे के विरुद्ध जागरूकता का संदेश दिया तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प एवं शपथ ली।

मुख्य अतिथियों द्वारा युवाओं को नशे से दूर रहने, अपने साथियों एवं समाज में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं एवं प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों एवं मेरा युवा भारत के युवाओं की सक्रिय सहभागिता रही।

## विज्ञान-गणित मेले में 120 विद्यार्थियों ने प्रस्तुत की प्रतिभा



**रायसेन, देशबन्धु।** विद्या भारती मध्य भारत प्रांत के तत्वावधान में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, रामलीला मैदान में गणित एवं विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। इसमें रायसेन जिले के विभिन्न सरस्वती शिशु विद्या मंदिरों से 120 विद्यार्थियों के साथ 14 संरक्षण आचार्य-दीदी शामिल हुए। विद्यार्थियों ने विज्ञान और गणित से जुड़े विभिन्न मॉडल, प्रयोग और गतिविधियां प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वंदना एवं उद्घाटन के साथ हुआ। इसके बाद विज्ञान प्रश्न मंच, वैदिक गणित प्रश्न मंच, विज्ञान एवं गणित पत्र वाचन (भैया-बहन), आचार्य वर्ग का पत्र वाचन, विज्ञान प्रदर्शन, गणित प्रदर्शनी, विज्ञान प्रयोग और गणित प्रयोग सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम में स्वामी रामकृष्ण शिक्षा समिति के सचिव सुरेंद्र राय, कार्यक्रम संयोजक एवं बेगमगंज (हनुमान बाग) की प्राचार्य श्रीमती स्मिता वेद, कार्यक्रम प्रभारी एवं सिलवानी के प्राचार्य विपिन बिहारी तथा विद्यालय के प्राचार्य चंद्रेश खरेलिया उपस्थित रहे। प्रतियोगिताओं के निर्णायक के रूप में अमित कुमार वर्मा, श्रीमती अंजना वर्मा, अभिषेक अग्निहोत्री, विवेक महेश्वरी, मनोज रजक, पुरुषोत्तम पाठक, अन्वेश सक्सेना, पवन सोनी एवं श्रीमती प्रीति सोनी ने विद्यार्थियों के प्रस्तुतिकरण का मूल्यांकन किया।

### तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ का सम्मेलन आयोजित

**रायसेन, देशबन्धु।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ का भोपाल संभागीय सम्मेलन रविवार को रायसेन के मुखर्जी नगर स्थित शगुन गार्डन में आयोजित हुआ। सम्मेलन में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से कर्मचारी और संघ पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान कर्मचारियों ने आपसी परिचय के साथ विभागीय समस्याओं, खासकर पदोन्नति से जुड़े मामलों पर चर्चा की। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि अधिकांश समस्याओं का समाधान हो चुका है, जबकि एक मामले पर कार्रवाई जारी है। सम्मेलन में पशुपालन विभाग में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित करने पर सहमति बनी। पदाधिकारियों ने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य प्रदेशभर के कर्मचारियों को एक मंच पर लाकर उनकी समस्याओं को समझना और समाधान के लिए आगे की कार्रवाई करना है।

## मन, वचन और कर्म में एकरूपता ही उत्तम सत्य धर्म है: सुधा



**सांची, देशबन्धु।** मन, वचन और कर्म में एकरूपता रखना ही उत्तम सत्य धर्म है। स्थानीय श्री शीतलनाथ दिगंबर जैन मंदिर जी में चल रहे दशलक्षण पर्यूषण महापर्व के पांचवें दिन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ उत्तम सत्य धर्म की आराधना की गई। जिनालय में प्रातःकाल श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ भगवान का सामूहिक अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन के धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इस अवसर पर हुई शांतिधारा की बोलियों में सर्वोच्च बोली लेने का सौभाग्य मनोज भैयालाल जैन गुलगांव और अतिशय संदीप जैन सांची को प्राप्त हुआ, जिसकी उपस्थित सभी धर्मावलंबियों ने अनुमोदना की। दोपहर में राजमल गौरीशंकर जैन गुलगांव, आनंद अंकित जैन, पदम जैन, प्रिंस जैन सांची तथा धर्मेंद्र जैन आमखेड़ा द्वारा मंदिर जी में शांति विधान का आयोजन किया गया। पर्यूषण पर्व के अवसर पर बेंगलुरु से पधारी समाज सेविका श्रीमती सुधा जैन ने अपने प्रवचन में उत्तम सत्य धर्म की व्याख्या करते हुए कहा कि प्रत्येक जीव का जीवन सत्य पर ही टिका है। सत्य का अर्थ केवल सच बोलना ही नहीं, बल्कि मन, वचन और कर्म से सत्य का आचरण करना भी है। उन्होंने महाभारत के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि युधिष्ठिर सत्य के लिए प्रसिद्ध थे। इस अवसर पर सुनील जैन, रश्मि विजय जैन, गोपाल जैन, सोनू जैन, रचना जैन, निर्मला जैन, अल्पना जैन, वर्षा जैन, पुष्पलता जैन, अनीता जैन, ममता जैन, रश्मि राजमल जैन, महिल जैन, हिमांशु जैन, गोरेलाल जैन, सुशील जैन, विक्की जैन तथा सत्यम जैन सहित बड़ी संख्या में धर्मावलंबी उपस्थित रहे।

# बाजार की नई व्यवस्था पर फल व्यापारियों का विरोध, सब्जी विक्रेताओं ने संभाला नया बाजार





***भैरूंदा, देशबन्धु।*** *नगर में फल एवं सब्जी व्यापारियों को एक स्थान पर व्यवस्थित करने के लिए नगर परिषद द्वारा बस स्टैंड के पास बनाए गए नए फल-सब्जी बाजार में शनिवार से व्यापार शुरू कराने की प्रक्रिया शुरू हुई। नई व्यवस्था के तहत सब्जी विक्रेता नए बाजार में पहुंचे और अपनी दुकानें लगाईं, जबकि नगर के हाट-ठेलों पर फल बेचने वाले कई व्यापारियों ने दुकानें बंद रखकर शांतिपूर्वक विरोध दर्ज कराया।*

*नगर परिषद द्वारा बस स्टैंड के पास करीब 102 दुकानें तैयार की गई हैं। वहीं नगर परिषद ने करीब सात वर्ष पहले जनपद पंचायत के पीछे लगभग 50 दुकानें फल एवं सब्जी व्यापारियों के लिए बनाई थीं। व्यापारियों का कहना है कि पुरानी व्यवस्था के बाद अब नई दुकानों का निर्माण किया गया है, लेकिन फल विक्रेताओं के बीच नई व्यवस्था को लेकर सहमति नहीं बन पाई है। हालांकि कुछ फल व्यापारियों ने अपनी दुकानें खुली रखीं। सीहोर नाका और जेपी मार्केट सहित कुछ स्थानों पर फल विक्रेताओं ने दुकानें लगाकर फल बेचे। इससे शहरवासियों को फल खरीदने के लिए परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।*

*नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने कहा कि फल और सब्जी विक्रेता लंबे समय से सड़क किनारे दुकानें लगाकर व्यापार कर रहे थे। इससे व्यापारियों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी परेशानी होती थी। सड़क पर भीड़ के कारण यातायात प्रभावित होने के साथ दुर्घटना का खतरा भी बना रहता था। उन्होंने कहा कि फल एवं सब्जी विक्रेताओं की मांग को देखते हुए प्रशासन से चर्चा कर सड़क किनारे ही व्यवस्थित फल-सब्जी बाजार तैयार कराया गया है। उद्देश्य यह है कि नगरवासियों को एक ही स्थान पर फल और सब्जियां उपलब्ध हों तथा बाजार भी व्यवस्थित और सुंदर दिखाई दे। अध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि जो व्यापारी फिलहाल नई व्यवस्था का समर्थन नहीं कर रहे हैं, वे भी जल्द अपनी दुकानें नए बाजार में लगाएंगे।*

***पुरानी दुकानों की व्यवस्था पर भी उठे सवाल :*** *कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुनील गोलिया ने कहा कि नगर परिषद ने करीब सात वर्ष पहले जनपद पंचायत के पीछे लगभग 50 दुकानें बनाकर व्यापारियों को उपलब्ध कराई थीं, लेकिन उनकी व्यवस्था और उपयोग को लेकर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। अब एक बार फिर करीब 100 से अधिक दुकानें बनाकर फल एवं सब्जी विक्रेताओं को दी गई हैं। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था के बाद कुछ फल व्यापारी विरोध कर रहे हैं। शासन और प्रशासन को व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए, जिसमें व्यापारियों के साथ-साथ आम नागरिकों की सुविधा का भी ध्यान रखा जाए।*

### महिलाओं ने धूमधाम से मनाई राधाष्टमी

**भैरूंदा, देशबन्धु।** नगर में महिला समन्वय एवं सेवा भारती की मातृशक्ति द्वारा राधाष्टमी का पर्व उत्साह, श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी सजाई गई, जिसने उपस्थित महिलाओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से भजन-कीर्तन किए। राधारानी और श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। महिलाओं ने एक-दूसरे को राधाष्टमी की शुभकामनाएं दीं तथा विधि-विधान से राधा-कृष्ण का पूजन-अर्चन कर परिवार और समाज में सुख-समृद्धि की कामना की। महिला समन्वय की जिला संयोजिका राधिका जैमिनी ने कहा कि इस तरह के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन महिलाओं को एकजुट करने के साथ ही सनातन संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। ऐसे आयोजनों से महिलाओं में सामाजिक और सांस्कृतिक सहभागिता की भावना मजबूत होती है। वहीं पूजा बैरागी ने कहा कि महिला समन्वय द्वारा प्रत्येक सप्ताह महिलाओं के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे महिलाएं एक स्थान पर एकत्रित होकर आपस में संवाद करने के साथ धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सहभागिता कर सकें। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक आरती की गई। इसके बाद सभी महिलाओं को प्रसाद का वितरण किया गया। महिलाओं ने उत्साहपूर्वक आयोजन में सहभागिता कर राधाष्टमी पर्व को यादगार बनाया।

# [अर्थ जगत]

## सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| अडानी पोर्ट्स | 3.72 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.47 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 2.26 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 2.11 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.08 प्रतिशत |

## सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टीसीएस | 4.33 प्रतिशत |
| टाइटन | 2.11 प्रतिशत |
| एशियन पेंट्स | 2.00 प्रतिशत |
| मारुति सुजुकी | 1.98 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.82 प्रतिशत |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 1,56,600 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 2,42,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 97.16 | 94.09 |
| पौड स्टर्लिंग | 130.38 | 125.76 |
| यूरो | 112.08 | 107.91 |
| चीन युआन | 15.20 | 13.48 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2862.70 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 5,412 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 5,976 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 8,039.75 |
| मसूर काली | 8152.34 |
| उड़द दाल | 11324.62 |
| मूंग दाल | 10201.52 |
| अरहर दाल | 11504.01 |

## भारत तेज विकास के दौर में कर रहा प्रवेश



**चेन्नई,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि भारत अपने इतिहास के सबसे तेज विकास के दौरान में प्रवेश करने जा रहा है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), टेक्नोलॉजी और नए नियामक बदलाव वैश्विक अर्थव्यवस्था को नया आकार देंगे। चंद्रशेखरन ने कहा कि ग्रेजुएट्स तेजी से बदलते हुए, लेकिन अधिक मौकों वाले दौर में कदम रख रहे हैं और एआई आने वाले समय में ऐसे नए सेक्टर पैदा करेगा, जिसका फिलहाल अंदाजा लगाना मुश्किल है। चंद्रशेखरन ने कहा कि मौजूदा समय में एआई से नौकरियों के कम होने पर विस्तार से चर्चा चल रही है।

# खनिज क्षेत्र में तेजी से विस्तार कर रही सीआईएल

**नई दिल्ली,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) पारंपरिक कोयला खनन कंपनी से धीरे-धीरे एक विविधीकृत ऊर्जा, खनिज, सामग्री और प्रौद्योगिकी-केंद्रित संगठन के रूप में विकसित हो रही है। कोयला गैसीकरण, कुशल बिजली उत्पादन, नवीकरणीय ऊर्जा एवं बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम महत्वपूर्ण खनिजों, उन्नत सामग्रियों और अनुसंधान एवं विकास से जुड़ी उसकी पहल इस बदलाव के लिए व्यापक आधार तैयार कर रही हैं। यह जानकारी कंपनी की ओर से रविवार को दी गई।

बयान में कहा गया कि कंपनी का बिजनेस डेवलपमेंट पोर्टफोलियो पांच परस्पर मजबूत करने वाले क्षेत्रों के आसपास संगठित है। इनमें कोयला गैसीकरण और कोयले से रसायन, थर्मल पावर, नवीकरणीय ऊर्जा एवं स्टोरेज, महत्वपूर्ण खनिज एवं उन्नत सामग्री तथा लौह अयस्क सहित विविधीकृत खनिज शामिल हैं। इस पोर्टफोलियो में पहले से ही राष्ट्रीय स्तर की कई परियोजनाएं शामिल हैं। इनमें चार कोयले से रसायन बनाने वाली पहलों में करीब 69,346 करोड़ रुपए का निवेश,



■ पांच परस्पर मजबूत करने वाले क्षेत्रों के आसपास संगठित है कंपनी का बिजनेस डेवलपमेंट पोर्टफोलियो

2म800 मेगावाट चंद्रपुरा अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल विस्तार, लगभग 550 मेगावाट की चालू सौर क्षमता, ग्रिड-स्तरीय बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम परियोजनाएं तथा महत्वपूर्ण खनिजों और डाउनस्ट्रीम सामग्रियों से जुड़े अवसर शामिल हैं।

कोयला गैसीकरण में कोयले को सिंथेसिस गैस या सिनगैस में बदला जाता है। इसका इस्तेमाल सिंथेटिक नेचुरल गैस (एसएनजी), अमोनिया, यूरिया, अमोनियम नाइट्रेट, मेथनॉल और अन्य रसायनों के उत्पादन में किया जा सकता है। यह तकनीक कोयले से रासायनिक मूल्य हासिल करने के साथ-साथ आयात पर निर्भरता कम करने में मदद कर सकती है। सीआईएल की कोयले से रसायन बनाने वाली चार प्रमुख पहलों में तलचर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड, भारत कोल गैसीफिकेशन एंड केमिकल्स लिमिटेड, कोल गैस इंडिया लिमिटेड और सीआईएल-बीपीसीएल चंद्रपुरा कोल-टू-एसएनजी पहल शामिल हैं।

## एनटीपीसी ने रद्द किया 413 करोड़ रुपए का मौदा बीईएसएस अनुबंध





**नई दिल्ली।** एनटीपीसी लिमिटेड ने महाराष्ट्र स्थित अपने मौदा सुपर थर्मल पावर स्टेशन में 400 एमडब्ल्यूएच क्षमता का बैटरी ऊर्जा भंडारण तंत्र (बीईएसएस) स्थापित करने के लिए जीआर इंफ्राप्रोजेक्ट लिमिटेड (जीआरआईएल) को दिया गया ठेका रद्द कर दिया है। कंपनी ने यह कदम ठेकेदार के अनुबंधित दायित्वों को पूरा न करने और परियोजना की आवश्यक प्रगति हासिल करने में विफल रहने पर उठाया है। मार्च 2026 में 413.37 करोड़ रुपए का यह ठेका दिया गया था, जिसे राष्ट्रीय ऊर्जा लक्ष्यों के अनुरूप 15 महीनों के भीतर पूरा किया जाना था। महत्वपूर्ण गतिविधियों में हालांकि परियोजना को भारी देरी का सामना करना पड़ा। कंपनी के अनुसार, एनटीपीसी ने तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने के लिए जीआरआईएल को अनुबंधीय नोटिस भी जारी किया था, लेकिन ठेकेदार आवश्यक उपाय करने में नाकाम रहा। नतीजतन, एनटीपीसी ने तत्काल प्रभाव से अनुबंध समाप्त कर दिया। इसके अलावा अनुबंधित प्रावधानों के अनुसार कंपनी ने लगभग 91 करोड़ रुपए की उपलब्ध प्रतिभूतियों को भुना लिया है। एनटीपीसी ने कहा कि मौदा बीईएसएस परियोजना ग्रिड लचीलेपन को मजबूत करने और नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण को समर्थन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बनी हुई है।

## वित्त वर्ष 27 की पहली तिमाही में भारत के निर्यात में आई तेजी

**नई दिल्ली,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वाले साझेदार देशों को भारत के निर्यात में तेज बढ़ोतरी हुई है। सिंगापुर और श्रीलंका को निर्यात दोगुने से अधिक बढ़ा है, जबकि आसियान देशों को निर्यात में 60 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। इससे यह संकेत मिलता है कि व्यापार समझौते वास्तव में परिणाम देने लगे हैं। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई।

'द गार्जियन' में प्रकाशित एक लेख के अनुसार, आंकड़े बताते हैं कि भारत का बढ़ता व्यापार समझौतों का नेटवर्क अब बातचीत के जरिए मिले बाजार पहुंच के लाभ को वास्तविक निर्यात वृद्धि में तेजी से बदल रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का कुल निर्यात अब तक के सर्वोच्च स्तर 863.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जिसमें 441.8



■ एफटीए के लागू होने का हुआ असर

अरब डॉलर का वस्तु निर्यात और 421.3 अरब डॉलर का सेवा निर्यात शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एफटीए साझेदार देशों के ताजा आंकड़े बताते हैं कि भारत केवल अपने निर्यात की मात्रा नहीं बढ़ा रहा है, बल्कि बाजार में अपनी मौजूदगी का विस्तार करने के लिए तरजीही व्यापार व्यवस्थाओं का भी तेजी से इस्तेमाल कर रहा है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जून 2026 के दौरान सिंगापुर को भारत का निर्यात सालाना आधार पर 101.2 प्रतिशत बढ़कर 6.52 अरब डॉलर हो गया।

## सरकार रेशम उत्पादन क्षेत्र के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध : गिरिराज

**मुंबई,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार देश के रेशम उत्पादन क्षेत्र के विस्तार और रेशम किसानों की आर्थिक प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है और 2030-31 तक उत्पादन को 60,000 मीट्रिक टन तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। यह बयान रविवार को केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने दिया। बेंगलुरु के यूएएस-जीकेवीके सभागार में केंद्रीय रेशम बोर्ड के 77वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में सिंह ने कहा, 'देश का रेशम उत्पादन जो 2014 में 26,000 मीट्रिक टन था, आज बढ़कर 42,000 मीट्रिक टन हो गया है। 2030-31 तक इसे 60,000 मीट्रिक टन तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है और 2028-29 तक भारत को रेशम उत्पादन में विश्व स्तर पर पहले स्थान पर लाने का संकल्प लिया



■ उत्पादन 2030-31 तक 60 हजार मीट्रिक टन तक बढ़ाने का लक्ष्य

गया है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में शहतूत के पत्तों की पैदावार बढ़ाकर और रेशम के कीड़ों के पालन-पोषण के चक्रों को बढ़ाकर किसानों की वार्षिक आय को 10 लाख से 12 लाख रुपए तक बढ़ाने की आकांक्षा है। मंत्री ने रेशम उत्पादक किसानों में प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने के लिए जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर 'सर्वश्रेष्ठ रेशम किसान' पुरस्कार प्रतियोगिताओं के आयोजन का आह्वान किया।

# वैश्विक स्थिति व घरेलू आर्थिक आंकड़ों से तय होगी बाजार की चाल

**मुंबई,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय शेयर बाजार के लिए अगला हफ्ता काफी महत्वपूर्ण होगा। अमेरिका-ईरान तनाव, कच्चे तेल की कीमत, अमेरिकी टैरिफ, बॉन्ड यील्ड और घरेलू आर्थिक आंकड़े बाजार की चाल निर्धारित करेंगे। मध्यपूर्व में अमेरिका-ईरान तनाव पर आने वाले समय में निवेशकों की निगाहें रहेंगी। इसमें आने वाले किसी भी अपडेट का सीधे बाजार पर असर हो सकता है।

अमेरिका में टैरिफ से जुड़े घटनाक्रम पर भी निवेशकों का फोकस रहेगा। अमेरिकी हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स ने रूस पर प्रतिबंध लगाने वाला एक बिल मंजूर किया है। इस बिल से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उन देशों पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का अधिकार मिल जाएगा जो रूस से तेल और गैस खरीदते हैं। इस कदम का



असर भारत और चीन जैसे बड़े आयातकों पर पड़ सकता है और इससे ग्लोबल ट्रेड और एनर्जी सप्लाई पर भी असर पड़ सकता है।

कच्चे तेल की कीमतें बाजार में उतार-चढ़ाव की एक और बड़ी वजह बनी रह सकती हैं। विदेशी संस्थागत निवेशकों के निवेश पर भी करीबी नजर रहेगी। 18 सितंबर को एफआईआई कैश मार्केट में नेट खरीदार रहे। उन्होंने 599.54 करोड़ रुपए की शुद्ध खरीदारी की। घरेलू संस्थागत निवेशक भी नेट खरीदार रहे और उन्होंने 1,019.69 करोड़ रुपए की शुद्ध निवेश किया।

■ सेंसेक्स 0.65 प्रतिशत गिरकर सप्ताहांत पर 74,294.46 पर रहा

■ निफ्टी 0.22 प्रतिशत गिरकर सप्ताहांत पर 23,346.40 पर

रुपए और डॉलर की चाल से इक्विटी मार्केट में उतार-चढ़ाव और बढ़ सकता है। इसके अलावा, पीएमआई और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेटा जैसे मासिक घरेलू डेटा भी अगले हफ्ते जारी होंगे, जिनका असर बाजार पर दिख सकता है। भारतीय शेयर बाजार ने बीता हफ्ता कमजोर स्तर पर खत्म किया। ऊर्जा की ऊंची लागत से महंगाई बढ़ने की आशंका और आर्थिक विकास पर इसके संभावित असर को लेकर चिंताओं ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया।

## सार संक्षेप

### एफपीआई की बिकवाली सितम्बर में 23,676 करोड़ रुपए रही

**मुंबई।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का आउटफ्लो सितंबर में अब तक (1 से 19 सितंबर) 23,676 करोड़ रुपए रहा है, इससे पहले जुलाई और अगस्त में एफपीआई शुद्ध खरीदार थे। यह जानकारी एनालिस्ट्स की ओर से दी गई। हालांकि, विदेशी निवेशक प्राइमरी बाजार में लगातार खरीदार बने हुए हैं। सितंबर में अब तक, उन्होंने करीब 2,703 करोड़ रुपए का निवेश किया है, जो कि 2026 में एफपीआई द्वारा किया कुल निवेश 48,550 करोड़ रुपए पहुंच गया है। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के चीफ इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजिस्ट डॉ.वी.के. विजयकुमार ने कहा कि इससे सेकेंडरी मार्केट के सुस्त प्रदर्शन के बावजूद प्राइमरी मार्केट में जारी तेजी की कुछ हद तक वजह समझ में आती है। पिछले हफ्ते बाजार गिरावट के साथ बंद हुए, क्योंकि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और ग्लोबल बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी ने निवेशकों के सेंटीमेंट पर असर डाला।

### सेमीकॉन इंडिया 2026 में 56 एमओयू पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भारत की सबसे बड़ी कॉन्फ्रेंस 'सेमीकॉन इंडिया 2026' ने निवेश और तकनीकी साझेदारी के लिए बड़ा मंच दिया। इस इवेंट में 600 से ज्यादा प्रदर्शक, करीब 300 अंतरराष्ट्रीय कंपनियां और 52 देशों की भागीदारी रही। इस दौरान डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग और रिसर्च से जुड़े 56 एमओयू, घोषणाएं और रणनीतिक पहल हुईं। सरकारी बयान के अनुसार, भारत की इस पांचवीं फ्लैगशिप सेमीकंडक्टर कॉन्फ्रेंस ने घरेलू सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम के विकास में एक और कदम बढ़ाया है। इस बार 6 कंट्री पवेलियन लगाए गए थे, जिनमें जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, नीदरलैंड, सिंगापुर और स्वीडन शामिल थे। इसके साथ ही 12 राज्यों के पवेलियन, एक स्टार्टअप पवेलियन, वर्कफोर्स डेवलपमेंट जोन, इनोवेशन शोकेस और स्टूडेंट हैकाथॉन भी आयोजित किया गया।

### सीए के काम में मददगार हो सकती है एआई

**कोच्चि।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के अध्यक्ष प्रसन्ना कुमार डी. का मानना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) चार्टर्ड अकाउंटेंट के काम में मददगार हो सकती है, लेकिन उसकी जगह कभी नहीं ले सकती। श्री प्रसन्ना ने कहा कि एआई डाटा तैयार करने में काफी सहायक है, इससे ऑडिटिंग के काम में लगने वाला समय काफी कम हुआ है, लेकिन यह एक सीए की भूमिका को समाप्त नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि नैतिकता बनाए रखने के लिहाज से भी यह जरूरी है। उन्होंने कहा कि एआई कभी भी चार्टर्ड अकाउंटेंट के लिए रोजगार का संकट नहीं बन सकता, ऐसा कभी नहीं होगा। यह (चार्टर्ड अकाउंटेंसी का) काम सिर्फ इंसान ही कर सकते हैं। एआई के इस्तेमाल के प्रति सावधानी बरतने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि एआई से जो नतीजे सामने आते हैं, उन पर आंख बंद करके भरोसा नहीं किया जा सकता।

# असम में अडाणी पावर के थर्मल प्लांट की रखी आधारशिला

**गुवाहाटी,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को धुबरी जिले के चापर में अडाणी पावर लिमिटेड के 3,200 मेगावाट के अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट की आधारशिला रखी। यह राज्य के इतिहास में सबसे बड़े प्राइवेट निवेश में से एक है। लगभग 48,000 करोड़ रुपए के निवेश वाले इस प्रोजेक्ट से असम की बिजली उत्पादन क्षमता में तेज बढ़ोतरी होने और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। कंपनी के अनुसार, इस प्लांट के निर्माण के दौरान 20,000 तक नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है और इसके चालू होने पर लगभग 5,000 स्थायी और अप्रत्यक्ष नौकरियां मिलेंगी।

शिलान्यास समारोह में राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, समुदाय के नेता और अदाणी ग्रुप के डायरेक्टर जीत अडाणी शामिल हुए। चापर थर्मल पावर प्रोजेक्ट, असम के पावर सेक्टर में अडाणी ग्रुप के 63,000 करोड़ रुपए के बड़े निवेश प्लान का एक अहम हिस्सा है। इस प्लांट को दिसंबर 2030 से अलग-अलग चरणों में शुरू किया जाएगा और इसमें 800 मेगावाट की चार यूनिट होंगी। इसमें अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा, जिसे आधुनिक पर्यावरण सुरक्षा उपायों के साथ-साथ क्षमता बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। कार्यक्रम में अपने संबोधन में मुख्यमंत्री



सरमा ने कहा कि असम तेजी से पूर्वोत्तर के लिए एक एनर्जी हब के तौर पर उभर रहा है और राज्य में कई बड़े एनर्जी प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है।

■ प्लांट के निर्माण के दौरान 20 हजार तक नौकरियां पैदा होने की उम्मीद

उन्होंने चापर प्रोजेक्ट को 'एडवांटेज असम इन्वेस्टर समिट 2.0' के दौरान किए गए निवेश के वादों का एक बड़ा नतीजा बताया। उन्होंने कहा, 'लगभग 48,000 करोड़ रुपए के निवेश के साथ, यह प्रोजेक्ट असम में अब तक किए गए सबसे बड़े सिंगल इन्वेस्टमेंट में से एक होगा। राज्य में ग्रुप की बड़ी योजनाओं का जिक्र करते हुए जीत अदाणी ने कहा कि पावर, एविएशन और सीमेंट सेक्टर में 80,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश पहले ही जमीनी स्तर पर प्रोजेक्ट्स का रूप ले रहा है।

## असम में भारत की बैटरी बनने की क्षमता : जीत अडाणी



**गुवाहाटी।** अडाणी ग्रुप के निदेशक जीत अडाणी ने रविवार को कहा कि असम में देश के बड़े एनर्जी हब के रूप में उभरने की क्षमता है और यह भारत की बैटरी बन सकता है। राज्य के धुबरी जिले के चापर में अडाणी पावर के 3,200 मेगावाट के थर्मल पावर प्रोजेक्ट की आधारशिला रखने के कार्यक्रम में जीत अडाणी ने कहा कि पिछले कुछ सालों में असम में जबरदस्त बदलाव आया है और राज्य भारत में निवेश के लिए सबसे आकर्षक जगहों में से एक बनकर उभरा है। उन्होंने कहा, 'पिछले 5 सालों में मैं 40 बार असम आया हूं। लेकिन आज इस खूबसूरत जमीन पर आप सबके बीच खड़ा होना मेरे लिए बहुत बड़े सम्मान की बात है। जीत अडाणी ने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि आने वाले सालों में असम न सिर्फ अपनी जरूरतों के लिए ऊर्जा पैदा करेगा, बल्कि एक बड़ा एनर्जी हब भी बनेगा और पूरे देश की सुरक्षा को ऊर्जा देगा।

## सरकार की पहलों के कारण बेरोजगारी दर घटकर 3.2 प्रतिशत हुई : डॉ. मुरुगन

**नई दिल्ली,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने बताया कि सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न पहलों के परिणामस्वरूप बेरोजगारी दर 6 प्रतिशत से घटकर 3.2 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने बताया कि देश में स्टार्टअप्स की संख्या, जो 2014 में लगभग 400 थी, बढ़कर 2.5 लाख से अधिक हो गई है और यह भी उल्लेख किया कि स्टार्टअप संस्थापकों में एक महत्वपूर्ण संख्या 30 वर्ष से कम आयु के युवाओं की है।

मुरुगन ने निरंतर सीखने, नई तकनीकों को अपनाने और पेशेवर कौशल के नियमित उन्नयन के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और परमाणु ऊर्जा जैसे अग्रणी क्षेत्रों में युवाओं के लिए बढ़ते अवसरों के बारे में बताया साथ ही अंतरिक्ष, रक्षा, शिक्षा, शासन और सार्वजनिक प्रशासन सहित विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का भी उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि 'रोजगार मेलों' के




माध्यम से अब तक 12.75 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए जा चुके हैं, जो युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने पर सरकार के समर्पित जोर को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में भर्ती होने वाले नए युवा 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने भर्ती होने वाले लोगों से आग्रह किया कि वे अपनी जिम्मेदारियों को केवल रोजगार सुरक्षित करने के रूप में न देखें, बल्कि राष्ट्र की सेवा करने और इसके समग्र विकास में योगदान देने के अवसर के रूप में देखें। उन्होंने कहा कि नियुक्ति पत्र केवल नियुक्ति का आदेश नहीं है बल्कि राष्ट्र की सेवा करने का एक अवसर है।

## एआई के बढ़ते इस्तेमाल से चीन में युवाओं की नौकरियों पर मंडराया खतरा

**नई दिल्ली,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के तेजी से बढ़ते इस्तेमाल से काम करने के तौर-तरीके बदल रहे हैं। इससे प्रोडक्टिविटी तो बढ़ रही है, लेकिन नौकरियां जाने का डर भी बढ़ गया है, खासकर युवाओं में।

क्वार्ट्ज की रिपोर्ट के अनुसार, जैसे-जैसे बीजिंग अर्थव्यवस्था के लगभग हर सेक्टर में एआई को शामिल करने की कोशिश कर रहा है, इसका असर सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट से लेकर डिलीवरी सर्विस तक हर क्षेत्र में कर्मचारियों पर दिखने लगा है। इनमें से एक हैं बीजिंग के प्रोग्रामर फेई झाओजुन, जिन्होंने अपनी नौकरी तब गंवा दी जब उनकी कंपनी ने यह देखना शुरू किया कि क्या एआई इंसानों वाले कोडिंग के काम कर सकता है। फेई उन करीब 160 कर्मचारियों में से थे जिनकी कंपनी में छंटनी के दौरान नौकरी चली गई। उन्होंने कहा कि एआई की क्षमता लगातार बेहतर हो रही है और कई मिड-लेवल प्रोग्रामिंग की नौकरियां अब आसानी से बदली जा सकती हैं। नौकरी जाने के बाद फेई ने टेक इंडस्ट्री से दूरी बना ली है और अब शॉर्ट वीडियो बना रहे हैं, साथ ही अगले करियर के बारे में सोच रहे हैं।




■ चीन में हैरान करने वाली है एआई अपनाने की रफ्तार

चीन में एआई अपनाने की रफ्तार हैरान करने वाली है। मार्केट इंटेलिजेंस फर्म आईडीसी के अनुसार, 2024 में 10 प्रतिशत से भी कम चीनी औद्योगिक कंपनियां एआई मॉडल और एजेंट का इस्तेमाल कर रही थीं। पिछले साल यह आंकड़ा बढ़कर लगभग 50 प्रतिशत हो गया। यह दिखाता है कि कंपनियां कितनी तेजी से खर्च कम करने और काम तेज करने के लिए इस तकनीक को अपना रही हैं। इस बदलाव का असर रोजमर्रा की जिंदगी में भी दिख रहा है।

# भारत के युवा इंजीनियरों को एकेडमिक सीमाओं से आगे बढ़ना होगा : सिंह

**नई दिल्ली,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। मिजोरम के गवर्नर जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह ने इंजीनियरों की अगली पीढ़ी से अलग-अलग विषयों को मिलाकर सोचने (इंटरडिसिप्लिनरी सोच) की अपील की है। उन्होंने कहा कि भारत के भविष्य का तकनीकी नेतृत्व उन इंजीनियरों पर निर्भर करेगा जो पारंपरिक एकेडमिक और प्रोफेशनल सीमाओं से हटकर काम कर सकते हैं। राज्यपाल ने इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) (आईईआई) द्वारा आयोजित 18वें आईईआई इंडस्ट्री एक्सीलेंस समिट एंड अवार्ड्स 2026 को संबोधित करते हुए भारत के विकास में इंजीनियरिंग की अहम भूमिका पर जोर दिया और युवा प्रोफेशनल्स से उस विरासत को आगे बढ़ाने का आग्रह किया।

यह समिट 'इंजीनियरिंग इंडियाज ग्लोबल फुटप्रिंट: टेक्नोलॉजी, टैलेंट एंड ट्रस्ट' (भारत की ग्लोबल पहचान बनाना: टेक्नोलॉजी,



देश के विकास के अगले चरण को आकार देने की जिम्मेदारी आज के इंजीनियरिंग टैलेंट पर है : वी के सिंह

टैलेंट और भरोसा) थीम पर आयोजित की गई थी। जनरल विजय कुमार ने कहा कि भारत की इंजीनियरिंग उपलब्धियां कई क्षेत्रों में फैली हुई हैं, जिनमें बांध, स्टील प्लांट, हाईवे, मेट्रो नेटवर्क, रिन्यूएबल एनर्जी सिस्टम, टेलीकम्युनिकेशन, स्पेस प्रोग्राम, स्वदेशी डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हालांकि भारत ने पहले ही कई अहम उपलब्धियां हासिल कर ली हैं लेकिन देश के विकास के अगले चरण को आकार देने की जिम्मेदारी आज के इंजीनियरिंग टैलेंट पर है। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग के अलग-अलग विषयों के बीच की सीमाएं तेजी से खत्म हो रही हैं। उन्होंने बताया कि सिविल इंजीनियरों को अब ज्योग्राफिक इंफॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएस), सेंसर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्लाइमेट मॉडलिंग जैसी टेक्नोलॉजी में महारत हासिल करने की जरूरत है जबकि मैकेनिकल इंजीनियर रोबोटिक्स और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग की ओर बढ़ रहे हैं।

इसी तरह, इलेक्ट्रिकल इंजीनियर एनर्जी स्टोरेज और स्मार्ट-ग्रिड टेक्नोलॉजी पर काम कर रहे हैं और सॉफ्टवेयर इंजीनियर हार्डवेयर सिस्टम, साइबर सिक्योरिटी और फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर से तेजी से जुड़ रहे हैं।

